## सार-समाचार

### कर प्रक्रिया के सरलीकरण पर चर्चा की

**पाली**, (नि.सं.)। राजस्थान सरकार द्वारा व्यापार मे कर प्रक्रिया के सरलीकरण करने के क्रम में वाणिज्यिक कर विभाग द्वारा उपलब्ध करवाए गए, आईटीएमएस ई-टैक्स ऑफिसर मोड्यूल की जानकारी देने के सम्बंध में मंगलवार को अतिरिक्त आयुक्त (प्रशा.), वाणिज्यिक कर विभाग पाली के सभागार में कार्यशाला का आयोजन किया गया। विजय कुमार रावल, अतिरिक्त आयुक्त (प्रशा.) ने बताया कि राज्य सरकार की मंशा व्यवहारियों के हित मे कर प्रशासन को सुगम, सरलीकृत एवं पारदर्शी बनाना है। इण्टीग्रेटेड टैक्स मैनेजमेन्ट सिस्टम आईटीएमएस ई-टैक्स ऑफिसर मोड्यूल वाणिज्यिक कर विभाग राजस्थान का आर्टिफिशियल इंटेलिजेंश पर आधारित स्वः कर निर्धारण का नवाचार है, जिसका उद्श्शय करदाता की टैक्स कम्प्लॉयन्स को आसान बनाना है। ई-टैक्स ऑफिसर द्वारा व्यवहारियों की रिटर्न, नोटिस, कर निर्धारण आदेश, रिफण्ड़, रिप्स एवं ई-वे बिल्स इत्यादि सूचनाये समग्र रूप से एक मॉड्यूल पर उपलब्ध हो पाऐगी। इस मोड्यूल के द्वारा करदाताओं की टैक्स कम्प्लाईन्स रेटिंग का भी आंकलन हो पायेगा तथा मासिक रिटर्न में इनपुट टैक्स क्रेडिट से सम्बंधित त्रुटियों से भी करदाताओं को समय-समय पर अलर्ट के माध्यम से अवगत करवा दिया जायेगा। व्यवहारी एसएसओ पोर्टल पर अपना पंजीयन करवाने के पश्चात् इस प्लेटफॉर्म का उपयोग कर पायेंगे। उपस्थित करदाताओं एवं अधिकारियों को आईटीएमएस ई-टैक्स ऑफिसर मोड्यूल का प्रशिक्षण विभाग के श्री जितेन्द्र कुमार, राज्य कर अधिकारी द्वारा दिया गया।

### अवैध डोडा पोस्त बरामद, एक गिरफ्तार

**बाप**, (निसं)। जिला स्पेशल टीम फलोदी व पुलिस थाना नोख ने सरहद मदासर में कार्रवाही करते हुए 4.55० किलोग्राम अवैध डोडा पोस्त बरामद कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जिला पुलिस अधीक्षक फलोदी पूजा अवाना ने बताया कि अवैध मादक पदार्थो की खरीद-फरोख्त, परिवहन एवं तस्करी करने वालों के खिलाफ पुलिस मुख्यालय राजस्थान जयपुर द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत नोख थाना पुलिस व डीएसटी फलोदी द्वारा संयुक्त कार्रवाही करते हुए आरोपी उग्रसेन पुत्र लादुराम जाति विश्नोई निवासी मदासर दस्तयाब कर उसके कब्जे से 4.55० किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडा पोस्त बरामद कर उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के विरूद्व एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया। कार्यवाही टीम में नोख थानाधिकारी शारदा विश्नोई, मुख्य आरक्षी प्रदीप, कांस्टेबल सहीराम, मुख्य आरक्षी बुधाराम थाना नोख, डीएसटी फलोदी से महेन्द्र चौधरी, गंगाराम कमाण्डो, हितेश कुमार, सहीराम व पुलिस थाना नोख से कांस्टेबल किशनाराम व चन्द्रभान शामिल रहे।

### मिनी ट्रक में आग लगी, ड्राइवर कूदा

**पाली**, (नि.सं.)। पाली में मंगलवार को बीच रास्ते एक मिनी ट्रक में आग लग गई। जब तक दमकलकर्मी मौके पर पहुंचे, मिनी ट्रक जल चुका था। हादसे के कारण करीब एक घंटे तक यातायात बाधित रहा। पुलिस ने जले हुए मिनी ट्रक को सड़क किनारे करवा कर यातायात सुचारु किया। हालांकि जलती गाड़ी से ड्राइवर कूद कर भाग चुका था। गुड़ा एंदला थाने के शेषाराम ने बताया कि पाली से एक मिनी ट्रक मंगलवार सुबह करीब साढ़े आठ बजे कीरवा की तरफ आ रहा था। इस दौरान हाइवे पर कीरवा के निकट मिनी ट्रक में अचानक आग लग गई। ऐसे में ड्राइवर ने कूदकर अपनी जान बचाई। सूचना पर मौके पर पहुंचे और दमकलकर्मियों को कॉल किया। जब तक दमकल मौके पर पहुंची, मिनी ट्रक पूरा जल चुका था। उन्होंने बताया मिनी ट्रक खाली था। हादसे के बाद ड्राइवर वहां से भाग गया। ऐसे में पता नहीं चल सका कि यह मिनी ट्रक कौन कहां लेकर जा रहा था। इस हादसे के चलते करीब एक घंटे तक यातायात बाधित रहा।

### वीर बालाजी मंदिर में परिंडे लगाए

**पाली**, (नि.सं.)। वीर बालाजी गोदावास आश्रम के भक्तराज अशोक भारद्वाज ने बताया कि मंदिर एवं मंदिर के आस -पास मे खेत एवं पहाड़ी क्षेत्र होने के कारण पशु -पक्षियों का ''डेरा मडराता''रहता है, इस कारण पशु -पक्षियों के चुगग्गेके लिए अनाज और पिने के लिए पानी एवं परिंडो कि व्यवस्था कि गई। इस पहल को आगे बढ़ाने के लिए मंदिर में सभी आने वाले लोगों से अपील कर पक्षियों के लिए अनाज और परिंडो कौ व्यवस्था कराई गई, महाराज ने कहा कि मंदिर के आस- पास क्षेत्रों मे भी परिंडे लगाए जायेंगे ताकि कोई पक्षी प्यासा न रहे। बालाजी आश्रम के भक्तराज अशोक भारद्वाज ने बताया कि इस मुहिम को जारी रखने के लिए सभी का भरपूर सहयोग मिल रहा है। इस मोके पर अशोकगिरी,,भोपाराम दीपसिंह, गजेंदर सिंह जोधा, देवाराम मीणा,पताराम मेघवाल, पुनाराम मेघवाल, धीरूभाई भावरी, शिवा भारद्वाज आदि मौजूद रहे।

### पक्षियों के लिए लगवाए परिंडे

**रेवदर**, (निसं)। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पेरवा में राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड के तत्वाधान में पर्यावरण जन चेतना रैली का आयोजन किया गया। स्काउट ग्रुप लीडर एवं प्रधानाचार्य राजेंद्र वर्मा के निर्देशन में इको क्लब गतिविधियों के अंतर्गत पर्यावरण चेतना कार्यक्रम रखा गया। प्रधानाचार्य राजेंद्र वर्मा ने बताया कि भीषण गर्मी को देखते हुए विद्यालय परिसर में पेडों पर पक्षियों के लिए पानी के परिंडे लगवाए गए हैं। व्याख्याता राजपाल यादव ने स्काउट्स को पर्यावरण संतुलन बनाए रखना एवं पेड पौधों को नियमित पानी पिलाने की सलाह दी। स्काउट मास्टर बलवीर रूलानिया ने जल संरक्षण के महत्व समझाते हुए जल की बचत करने एवं पेड पौधों की रक्षा करने की सलाह दी। पूनमा राम, मगनलाल, गुप्ता राम, गणपत लाल वर्धमान जैन, सुनील गर्ग, गणेश कुमार कोली, भाणा राम, सुरेंद्र नायक, जुगल किशोर आदि उपस्थित रहे।

### भाजपा का स्थापना दिवस मनाया

**बाप**, (निसं)। भाजपा का 46वां स्थापना दिवस मंगलवार को भाजपा मंडल बाप कार्यालय में मंडल अध्यक्ष संजय कुमार विश्नोई की अध्यक्षता में मनाया गया। कार्यक्रम में एडवोकेट रतन सिंह भाटी ने कहा कि भाजपा आज देशहित में करने वाली पार्टी है और राष्ट हित को सर्वोपरि मानती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश न केवल सुरक्षित है, बल्कि वैश्विक मंच पर अपनी सशक्त पहचान भी बना रहा है। कार्य म में भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय व श्यामा प्रसाद मुखर्जी की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित किया गया। कार्यक्रम पश्चात मंडल अध्यक्ष संजय कुमार विश्नोई ने भाजपा के वरिष्ठ कार्यकताओं से संपर्क किया गया और उसके पश्चात देव स्थानों पर दर्शन किया। इस दौरान पूर्व मंडल अध्यक्ष हरी माडपुरा व किशन लाल पालीवाल, महामंत्री एडवोकेट रवि पालीवाल, ओबीसी मोर्चा संयोजक महेंद्र खत्री, भाजयुमो अध्यक्ष मांगीलाल पालीवाल, कैलाशदान चारण, वीरेंद्र सिंह खेतूसर, प्रकाशसिंह सुडाणी, नारायण माली, एडवोकेट विजय तंवर, रवि पालीवाल आदि मौजूद रहे।

### 26 अधिवक्ताओं के मृत्यु दावे निपटाए

**जोधपुर**, (का.सं.)। आज मंगलवार को बार कौंसिल ऑफ इण्डिया एडवोकेटस वेलफेयर फण्ड कमेटी फॉर द स्टेट ऑफ राजस्थान की बैठक बार कौंसिल ऑफ इण्डिया के को-चेयरमेन सुरेश चन्द्र श्रीमाली की अध्यक्षता में हाइब्रिड मोड पर हुई, इसमें जगमाल सिंह चौधरी व कुलदीप कुमार शर्मा, सदस्यों ने भी भाग लिया। बैठक में आज 26 अधिवक्ताओं के मृत्यु दावों का निस्तारण कर उनके आश्रितों को नौ लाख दस हजार रूपए (9,10,000/-) एवं बीमारी दावों में 21 अधिवक्ताओं को तीन लाख सत्तर हजार रूपए (3,70,000/-) के भुगतान की स्वीकृति प्रदान की। इस प्रकार समिति द्वारा कुल 47 दावों का निस्तारण कर कुल बारह लाख अस्सी हजार रूपए (12,80,000/-) की राशि स्वीकृत की गई।

### भेदभाव की राजनीति बंद करें : तंवर

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली के अलवर के रामगढ़ में भगवान श्रीराम के मन्दिर में प्रवेश को लेकर भाजपा नेता और ज्ञानदेव आहूजा द्वारा की गई अमर्यादित टिप्पणी के खिलाफ जिला कांग्रेस कमेटी ने विरोध प्रदर्शन कर आहूजा का पुतला फूंका। इस अवसर पर कांग्रेस अध्यक्ष उम्मेदसिंह तंवर ने कहा कि भारत के संविधान में सभी नागरिकों को सम्मान अधिकार प्राप्त है। तंवर के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन एवं पुतला दहन कार्यक्रम में जानब खां भैया, सुमारख़ान कंधारी, रुपचंद सोनी, कमलेश छंगाणी, धर्मेन्द्र आचार्य, गुमानाराम राठौड़ आदि ने भाग लिया।

### स्वच्छता मिशन की बैठक 15 को

**जालोर**, (कासं)। जल जीवन मिशन के तहत जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की 34वीं मासिक बैठक जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे की अध्यक्षता में 15 अप्रेल को प्रातः 11 बजे कलेक्ट्रेट में होगी। जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के अधीक्षण अभियंता संजय शर्मा ने बैठक के संबंध में जानकारी दी।

# संवेदनशीलता के साथ आमजन को राहत दें : जोगेश्वर गर्ग

**जालोर**, (कासं)। जालोर-सिरोही सांसद लुंबाराम चौधरी ने कहा कि विभागीय अधिकारी केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुँचाएं तथा जालोर क्षेत्र के विकास के लिए कार्य करें। सांसद लुम्बाराम चौधरी मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में दिशा समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए संबोधित कर रहे थे।

सांसद लुम्बाराम चौधरी ने जिले में ट्रांसफॉर्मर जलने की समस्या पर विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता को निर्देश देते हुए कहा कि वे वोल्टेज की समस्या का समाधान करने के साथ ही निर्धारित समयसीमा में .षकों को विद्युत ट्रांसफॉर्मर की उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने जलदाय विभाग के अधिकारियों को नर्मदा परियोजना के विभिन्न प्रोजक्ट्स सहित जल जीवन मिशन के तहत चल रहे कार्यों में लापरवाही बरतने वाले ठेकेदारों के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही करने की बात कही। उन्होंने जेजेएम के तहत प्रगतिरत जीएलआर निर्माण व पाईपलाईन लगवाने आदि अपूर्ण कार्यों की रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश देते हुए निर्धारित समयसीमा में शेष रहे कनेक्शन कार्य पूर्ण करने की बात कही। उन्होंने भीनमाल रोड़ पर बन रहे आर.ओ.बी निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण करवाने के निर्देश दिए ताकि लोगों को समस्या से शीघ्र निजात मिल सकें। उन्होंने ग्रीष्म ऋतु के मध्यनजर आग लगने की संभावित घटनाओं से निपटने के लिए अग्निशमन वाहनों की सुचारू व्यवस्था बनाने रखने की बात कही।



जालोर के कलैक्ट्रेट में दिशा समिति की बैठक सांसद लुम्बाराम चौधरी की अध्यक्षता में हुई। फोटो राष्ट्रदूत

उन्होंने सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों को स्कूलों-कॉलेजों व अस्पतालों के सामने से गुजरने वाली सड़क पर स्पीड ब्रेकर बनाने के लिए निर्देशित किया।

बैठक में राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने जिले में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत प्रगतिरत कार्यों की जानकारी लेते हुए सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे योजना के तहत स्वीकृत सड़क निर्माण कार्यों की प्रभावी मॉनिटरिंग कर गुणवत्ता के साथ तय समय सीमा में उन्हें पूर्ण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने जननी सुरक्षा योजना व लाडो प्रोत्साहन योजना के तहत लाभार्थियों को किए जा रहे भुगतान की प्रगति के साथ ही जिले में एम्बुलेंस वाहनों की वर्तमान स्थिति के बारे में जानकारी प्राप्त की। मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने कहा कि पूर्ण संवेदनशीलता के साथ आमजन की समस्याओं का प्राथमिकता से निस्तारण किया जावें। उन्होंने ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए जिले में पेयजल व विद्युत व्यवस्था की सुचारू आपूर्ति की व्यवस्थाओं को लेकर अधिकारियों से चर्चा करते हुए उन्हें आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में जिला प्रमुख राजेश कुमार, जालोर प्रधान नारायण सिंह राजपुरोहित ने विभिन्न समस्याओं के बारे में अवगत करवाते हुए उनके निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने जिले में विकास कार्यों की प्रगति व बजट घोषणाओं की क्रियान्विति के बारे में विस्तृत जानकारी दी तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

जिला पुलिस अधीक्षक ज्ञानचन्द्र यादव, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नंदकिशोर राजौरा, रमेश राणा, चिरंजीलाल दवे, डॉ. मंजू मेघवाल, खेमराज देसाई, हुकुमसिंह सहित जनप्रतिनिधि एवं विभगीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# शिक्षिका रेनू चौधरी को स्वदेश भूषण सम्मान मिला

**बालोतरा**, (निसं)। शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाली बालोतरा की जानी-मानी शिक्षिका रेनू चौधरी ने एक बार फिर शहर और समूचे राजस्थान का नाम रोशन किया है। उन्हें अयोध्या में आयोजित भव्य अयोध्या कला संस्कृति महाकुंभ में स्वदेश भूषण सम्मान 2025 से सम्मानित किया गया।

यह सम्मान उन्हें उनकी शिक्षण सेवाओं, समाज में सकारात्मक बदलाव लाने वाले कार्यों और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के प्रति उनके समर्पण के लिए प्रदान किया गया। यह प्रतिष्ठित कार्यक्रम स्वदेश संस्थान भारत सागर कला भवन अयोध्या के तत्वावधान में आयोजित किया गया, जिसमें देशभर से 38 विशिष्ट व्यक्तित्वों को कला, संस्कृति, शिक्षा, साहित्य, पर्यटन जैसे विविध क्षेत्रों में उनके अद्वितीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। कार्य म में रेनू चौधरी को अंगवस्त्र, सम्मान पत्रिका, मोमेंटो और स्वदेश भारत स्मारिका प्रदान की गई।

रेनू चौधरी शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक कार्यों में भी सक्रिय हैं। वे वी क्लब संस्था, रक्त कोच मित्र मण्डल एवं कई अन्य सामाजिक संगठनों से जुडकर समाज सेवा में निरंतर योगदान दे रही हैं। उनकी यह उपलब्धि न केवल बालोतरा, बल्कि पूरे राजस्थान के लिए गौरव का विषय है। रेनू चौधरी पिछले कई वर्षों से शिक्षा के क्षेत्र में कार्यरत हैं और उन्होंने हमेशा नवाचार, मूल्य आधारित शिक्षा तथा बालकों के समग्र विकास को प्राथमिकता दी है।

उन्होंने शिक्षा को केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित न रखते हुए विद्यार्थियों को व्यवहारिक और नैतिक शिक्षा देने पर बल दिया है। उनके पढाए हुए कई विद्यार्थी आज विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य कर रहे हैं, जो उनके शिक्षण कौशल का जीवंत प्रमाण हैं। सम्मान प्राप्ति के बाद रेनू चौधरी ने अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान मेरे लिए एक प्रेरणा है। यह केवल मेरा नहीं, बल्कि उन सभी विद्यार्थियों और अभिभावकों का भी सम्मान है जिन्होंने मुझ पर विश्वास किया और मेरा साथ दिया। सामाजिक संगठनों, शिक्षकों, अभिभावकों और पूर्व विद्यार्थियों ने उन्हें शुभकामनाएं दीं और इस गौरवपूर्ण क्षण पर गर्व व्यक्त किया। रेनू चौधरी की यह उपलब्धि निश्चित रूप से आने वाली पीढयों के लिए एक प्रेरणास्त्रोत के रूप में कार्य करेगी और बालोतरा को शिक्षा के क्षेत्र में एक नई पहचान दिलाएगी।

# ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पोकरण-सांकड़ा की संयुक्त बैठक आयोजित

**पोकरण**, (निसं)। पोकरण विधानसभा क्षेत्र के ब्लॉक सांकड़ा एवं पोकरण की बैठक सोमवार को पोकरण में आयोजित की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए जोधपुर लोक सभा क्षेत्र से कांग्रेस के प्रत्याशी रहे करण सिंह उचियारडा ने कहा कि कांग्रेस को ब्लॉक से बूथ स्तर तक सक्रिय संगठन बनाना होगा ताकि आने वाले समय में हम भाजपा को मुंह तोड जवाब दे सके,जब तक हमारे कार्यकर्ता बूथ,मंडल,ब्लॉक स्तर पर मजबूत नहीं होंगे तब तक हम आम जनता की समस्याओं के समाधान के लिए ठोस कदम नहीं उठा पायेंगे। इस अवसर पर संबोधित करते हुए पोकरण विधानसभा के प्रभारी अंकुर चौधरी ने कहा कि संगठनात्मक मजबूती के लिये संगठन के आदेशों की पालना करना प्रत्येक कार्यकर्ता के लिये अनिवार्य है,हमे हर घर तक पहुँच कर पार्टी की विचारधारा का प्रचार प्रसार कर लोगों को कांग्रेस से जोडकर जिले में किंग्स संगठन को और अधिक सक्रिय और मजबूत करना है । वही कांग्रेस पार्टी के संगठन व कार्यकर्ताओकि आपसी फुटकी चनगारी कार्यक्रम में बाहर निकली, चौधरी ने आगामी दिनों में मंडल कांग्रेस की बैठकों के लिये कार्य योजना के बारे में प्रदेश कांग्रेस से प्राप्त निर्देशों से अवगत करवाया।

इस अवसर पर संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष उम्मेद सिंह तंवर ने कहा कि एक और जहां पन्द्रह महिने से प्रदेश की पर्ची सरकार से आम जनता परेशान है I वहीं दूसरी ओर पंचायती राज व नगर निकायों के परिसीमन को लेकर जन भावनाओं के विरूद्ध भाजपा सरकार द्वारा फैसले लिये जा रहे हैं, जो सरासर अन्याय है ,इस के लिए सक्रिय संगठन के साथ पुरजोर विरोध करते हुए सरकार को आमजन के हित में झुकने को मजबूर करना होगा । इस अवसर पर संबोधित करते हुए संभाग प्रभारी हाफजि मोहम्मद जयपुरी ने कहा कि निजी स्वार्थों को परे रखकर संगठन को सर्वोपरि मानकर जनता के बीच रहकर कार्य करे। पूर्व जिला प्रमुख अब्दुला फकीर ने कहा कि हमे कांग्रेस संगठन को ब्लॉक, मंडल तथा बूथ इकाई को मजबूत करके भाजपा के विरूद्ध कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर लडाई लडनी है।

नाचना पंचायत समिति के प्रधान अर्जुन राम मेघवाल,पीसीसी सदस्य रणवीर गोदारा ,ब्लॉक अध्यक्ष साकडा राजुराम, ब्लॉक अध्यक्ष पोकरण विजय व्यास, नगर पालिका पोकरण में नेता प्रतिपक्ष नारायण रंगा, निर्दलीय पार्षद आईदान माली , ललित व्यास आदि ने भी संबोधित किया।

# लोगों को स्वस्थ रहने के प्रति जागरूक किया



जालोर में भारत विकास परिषद् ने विश्व स्वास्थ्य दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन किया। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। विश्व स्वास्थ्य दिवस पर सोमवार रात्रि को शहर के सिरे मंदिर रोड स्थित एक निजी सोसाइटी में हम स्वस्थ कैसे रहे विषय पर भारत विकास परिषद्,जालोर की ओर से एक विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

संगोष्ठी में परिषद् के शाखाध्यक्ष व योग प्रशिक्षक राजेंद्र भूतड़ा ने उपस्थित लोगों को अपने स्वास्थ्य के बारे में जागरूक करते हुए बताया कि स्वस्थ रहना कोई आकस्मिक घटना नहीं बल्कि हमारी सतत जीवन शैली का ही परिणाम है। हमें अपनी जीवन शैली को इस ढंग से व्यवस्थित करना है कि हम बीमार ही ना हो ।

उन्होंने प्रात : सूर्योदय से पूर्व जग जाने से लेकर रात्रि को सोने तक की दैनिक जीवन शैली के विभिन्न प्रभावी तरीके बताए।

उन्होंने योग, संतुलित खानपान, संगीत, आध्यात्म विचार, प्रकृति से सानिध्यता तथा विभिन्न प्राकृतिक आयुर्वेदिक उपचारों के बारे में विस्तार पूर्वक बताते हुए हुए स्वस्थ रहने में इन उपायों की उपादेयता पर प्रकाश डाला। इस बीच भूतङा ने संगोष्ठी में उपस्थित लोगों द्वारा स्वास्थ्य सम्बन्धी पूछे गए विभिन्न सवालों के जवाब दिये तथा उनकी जिज्ञासाओं का भी उचित समाधान किया।

अंत में शाखा सचिव शांतिलाल सोनी ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित कर आभार प्रकट किया।

इस अवसर पर परिषद् कोषाध्यक्ष शंकर लाल सोलंकी,शाखा उपाध्यक्ष महेंद्र आनंद वैष्णव, प्रकल्प प्रभारी कमल किशोर भूतड़ा, छगन सुन्देशा, अरविंद राठौड , ओटाराम सुंदेशा, ईश्वरलाल, तेजाराम , हेमलता , लीला, श्यामा भूतड़ा , ललिता , शिखा भूतड़ा सहित निजी सोसायटी के निवासी व महिलाएं उपस्थित रही।

## पाली में आमने-सामने टकराई बाइकें, 5 घायल

**पाली**, (नि.सं.)। पाली में सुबह दो बाइक में आमने-सामने टक्कर हो गई। इस हादसे में दोनों बाइक पर सवार 5 जने घायल हो गए। तीन घायलों को उपचार के लिए पाली के बांगड़ हॉस्पिटल लाया गया। जहां उनका उपचार किया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पाली शहर के नया गांव निवासी महेंद्र (18) पुत्र लक्ष्मण चौकीदार, मंगलाराम (15) पुत्र मिश्रीलाल और दरिया (23) पत्नी बगदाराम बाइक से खेतावास के पास मजदूरी पर जा रहे थे। इस दौरान खेतावास रीको एरिया के पास मोड पर इनकी बाइक सामने से आ रही बाइक से टकरा गई।

इस हादसे में दोनों बाइक पर सवार पांच जने घायल हो गए। नया गांव निवासी एक बाइक पर सवार महेंद्र, दरिया देवी ओर मंगलाराम को उपचार के लिए पाली के बांगड़ हॉस्पिटल लाया गया जहां उनका उपचार जाती है।

सामने की बाइक पर सवार दो युवक भी घायल हो गए। उन्हें उपचार के लिए परिजन निजी हॉस्पिटल ले गए। दोनों बाइक भी इस हादसे में क्षतिग्रस्त हो गई।

हादसे की जानकारी पर घायलों के परिजन भी बांगड़ हॉस्पिटल पहुंचे।

# झंडे की रस्म व बैलों की पूजा के साथ श्री आपेश्वर पशु मेला शुरू

**रानीवाड़ा**, (नि.सं.)। कांकरेज नस्ल के बैलों के लिए प्रसिद्ध श्री आपेश्वर पशु मेला सेवाडिया का झंडे की रस्म और बैलों की जोडी की पूजा कर शुभारंभ किया गया। परंपरागत रस्मों को बड़गांव ठाकुर रावत मानवेन्द्रदेव देवड़ा और मौजूदा प्रधान राघवेन्द्रसिंह देवड़ा द्वारा निभाया गया। उपखंडाधिकारी और मेला मजिस्ट्रेट सुनीलकुमार, तहसीलदार हनुवंतसिंह, विकास अधिकारी हेमलता बिश्नोई सहित पंचायत समिति रानीवाड़ा के प्रशासक सरपंच और डेलिगेट मौजूद रहे।

मेले का प्रतिवेदन और प्रस्तावना का प्रस्तुतीकरण विकास अधिकारी हेमलता की ओर से दिया गया। प्रधान राघवेन्द्रसिंह ने मेले का इतिहास और इस साल के मेले में पंचायत समिति की ओर से व्यवस्थाओं के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि मेला परिसर में रोजाना एक गाडी हरा चारा दानदाताओं की ओर से निशुल्क उपलब्ध कराया जा रहा है।

मेला परिसर में खेलिया अपडेट की गई है। पशुओं के लिए 24 घंटे पानी की व्यवस्था प्रदान की जा रही है। इसके अलावा मेला परिसर में सीसीटीवी कैमरे की व्यवस्था की जा रही है, ताकि असामाजिक तत्वों पर पुलिस की ओर से नजर रखी जाए। 12 अप्रेल को प्रतियोगिताओं के साथ प्रसिद्ध घुडदौड का आयोजन किया जाएगा।

उन्होंने पत्रकारों को बताया कि आज जिला कलक्टर प्रदीप गावंडे आने वाले थे परन्तु आवश्यक मिटींग के कारण नही आ सके। विधायक रतन देवासी को व्यक्तिगत आमंत्रित किया गया था परन्तु आवश्यक कार्यवश वो नही आ सके।

इस मौके पर उपप्रधान महादेवाराम देवासी, पुलिस उपाधीक्षक भवानीसिंह इंदा, थानाधिकारी दीपसिंह चौहान, कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष वरदाराम माली, कांग्रेस मंडल अध्यक्ष मोतीराम चौधरी, महिपाल चौधरी, कुंवर तेजपालसिंह देवड़ा रानीवाड़ा खुर्द, भैरूपालसिंह देवडा, छोटूसिंह जाखडी, ब्लॉक सीएमओ डॉ. गणपत चौधरी, जसमूल डेयरी सहायक प्रबंधक डूंगाराम, बीईईओ गजेन्द्र देवासी, पूर्व सरपंच बाबूलाल चौधरी, राजूसिंह बड़गांव, पूर्व सरपंच नागजीराम परमार, कांग्रेस नेता अंबालाल चितारा सहित कई जने मौजूद रहे।

कार्यक्रम का संचालन ताराचंद भारद्वाज की ओर से किया गया।

## एल. एन. मंत्री ने गौशाला का अवलोकन किया

**पाली**, (नि.सं.)। जिला कलैक्टर पाली एल. एन. मंत्री ने बागड़िया रोड एवं केरिया दरवाजा स्थित श्री पिंजरापोल गौशाला का अवलोकन किया।

पूर्व सभापति महेन्द्र बोहरा ने जानकारी देते हुए बताया कि कलेक्टर मंत्री द्वारा इस दौरान गौशाला मे आ रही विभिन्न समस्याओ व गोवंश की अत्याधुनिक सुविधाओं के बारे मे गौशाला संचालक से जानकारी प्राप्त की तो उन्होंने पेयजल आपूर्ति, क्षतिग्रस्त सड़क का पुनर्निर्माण सहित विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया।

जिला कलेक्टर ने गौशाला में दुर्घटनाग्रस्त व बीमार गोवंश के इलाज हेतु चिकित्सा व्यवस्था और ट्रॉमा वार्ड का अवलोकन भी किया। गायों को गुड़ खिलाया तथा गौ कास्ट मशीन के बारे में विस्तृत जानकारी दी तथा गौशाला को आत्मनिर्भर बनाने के विभिन्न सुझाव दिए। गौशाला में संचालित सरकारी प्राथमिक विद्यालय में बच्चों के साथ संवाद करके उनके अध्ययन स्तर का परीक्षण किया। गौशाला समिति द्वारा जिला कलेक्टर को गौ माता की प्रतिमा भेंट कर स्वागत अभिनंदन किया और नंदी शाला के शीघ्र निर्माण संबंधी जानकारी प्रदान की।

इस अवसर पर गौशाला सरंक्षक व गौ भक्त छोगालाल बोहरा, मंत्री देवीलाल सांखला, उपाध्यक्ष प्रदीप कच्छवाह, उगमराज सांड, गुमानमल भंसाली, मूलचंद भंसाली, छ्गनलाल सालेचा, महावीर मेहता, सुरेश भंसाली, लूम्बाराम सीरवी, विनय भंसाली, शिवप्रकाश प्रजापत, पूर्व पार्षद विकास बुबकिया, अशोक बाफना, नरेश तलेसरा, अशोक पंवार, भोमसिंह मेहता, समाज सेवी नरेन्द्र तिवाड़ी सहित कई जने उपस्थित रहे ।

# कांग्रेसजनों ने ज्ञानदेव आहूजा का पुतला फूंका




जालोर में कांग्रेसियों ने नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली के विरुद्ध की गई टिप्पणी के विरोध में भाजपा के पूर्व विधायक ज्ञानदेव आहूजा का पुतला फूंका। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी जालोर ने 8 अप्रेल को भारतीय जनता पार्टी के नेता द्वारा नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली के विरुद्ध की गई टिप्पणी के विरोध में प्रदेश की भाजपा पर्ची सरकार के खिलाफ में विरोध प्रदर्शन कार्यक्रम जिलाध्यक्ष भंवरलाल मेघवाल के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट जालोर के सामने किया

जिला प्रवक्ता योगेंद्र सिंह कुम्पावत ने बताया कि भाजपा के पूर्व विधायक ज्ञानदेव आहूजा द्वारा राजस्थान विधानसभा नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जुली को लेकर की गई अलोकतांत्रिक टिप्पणी से नाराज कांग्रेसजन कलेक्ट्रेट जालोर के सामने एकत्रित हुए तथा भाजपा एवम ज्ञानदेव आहूजा के विरोध में जमकर नारेबाजी कर आहूजा का पुतला जलाकर अपना विरोध प्रकट किया। साथ ही सभी कांग्रेसजन ने ज्ञानदेव आहूजा को सार्वजनिक तौर से माफी मांगने एवम राज्य सरकार द्वारा कानूनी कार्यवाही करने की मांग की।

कार्यक्रम में कांग्रेस जिलाध्यक्ष भंवरलाल मेघवाल, जालोर कांग्रेस प्रत्याशी रमिला मेघवाल, आहोर कांग्रेस प्रत्याशी सरोज चौधरी, वरिष्ठ कांग्रेसी सवाराम पटेल, जिला प्रवक्ता योगेंद्र सिंह कुम्पावत, संगठन महासचिव वीरेंद्र जोशी,जालोर ब्लॉक अध्यक्ष भोमाराम मेघवाल, सायला ब्लॉक अध्यक्ष सवाई सिंह चम्पावत, नगराध्यक्ष मुमताज अली,रमेश सोलंकी, सेवादल जिलाध्यक्ष भेरूपाल सिंह,बसंत सुथार, मदनलाल दहिया, खसराम मेघवाल,सी एल गहलोत,देवाराम सांखला, जीवाराम परमार,शीला चौधरी गीता श्री,सोनाराम मेघवाल,तरूण सोलंकी,अनिल पंडत बस्तीमल चौहान,सुरेश मेघवाल, लक्ष्मीकांत दवे, महेंद्र सोनगरा,उम्मेद सिंह चारण,कृष्ण कुमार वनिका, सुरेश थांवला,कपूराराम परिहार, रूपाराम मेघवाल,ओमप्रकाश चौधरी,करनाराम तिरखी सहित तमाम कांग्रेसजन उपस्थित थे।

## प्रदर्शन किया

**पाली**, (नि.सं.)। पाली में मंगलवार को कांग्रेस भवन से रैली के रूप में कांग्रेसी जिला कलेक्ट्रेट पहुंचे। उन्होंने मुख्यमंत्री और पूर्व विधायक ज्ञानदेव आहूजा का पुतला फूंका।

जिलाध्यक्ष अजीज दर्द ने कहा कि 6 अप्रैल को अलवर के रामगढ़ के रामलला मंदिर में कांग्रेस नेता टीकाराम जूली दर्शन करने गए थे। 7 अप्रैल को पूर्व विधायक ज्ञानदेव आहूजा ने मंदिर में गंगाजल का छिड़काव किया और कहा कि अब मंदिर पवित्र हुआ है।

**आमसूचना**

शपथ पत्र

(फर्म में भागीदार बदलने के लिये)

मैसर्स- महादेव आयरन वर्क्स, जालौर, रजिस्ट्रेशन नं 17/15/002/93, दिनांक 06/02/1993, पता - प्रथम चरण रिको औधोगिक क्षेत्र जालोर (राज.) है, एवं व्यावसायिक कार्यालय प्रथम चरण रिको औधोगिक क्षेत्र जालोर (राज.) के भागीदार शपथ पत्र प्रस्तुत कर निवेदन करते है कि :- 1. फर्म के भागीदार श्री नैनाराम पुत्र लक्ष्मणजी, उम्र 78, निवासी जालोर को दिनांक 31.03.1999 को आपसी समझौता से भागीदारी निकाल दी गई है अब इस फर्म में किसी प्रकार का लेन देन नही रहेगा और किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो 10 दिवस में जिला उधोग एवं वाणिज्य केंद्र जालोर को सूचित करावे ।

स्थान : जालौर

दिनांक : 19.03.2025

हस्ताक्षर शपथग्रहिता

नैनाराम